पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने संगीतकार रवीन्द्र जैन के निधन पर दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 09 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने प्रख्यात गीतकार एवं संगीतकार श्री रवीन्द्र जैन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्री रवीन्द्र जैन प्रख्यात संगीतकार थे जिन्होंने संगीत की दुनिया में अपना एक अलग स्थान बनाया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं को सुर देने के साथ-साथ कई भाषाओं एवं फिल्मों में अपने संगीत एवं गीत से योगदान किया। वे वास्तव में दूसरों के लिए प्रेरणा के स्रोत थे। श्री जैन के निधन से संगीत जगत की अपूरणीय क्षति हुयी है।

राज्यपाल ने अपने शोक सन्देश में दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने की कामना करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।